भारत के राष्ट्रपति
श्री राम नाथ कोविन्द जी का
नागरिक अभिनंदन समारोह
में सम्बोधन

जम्मू, 18 अप्रैल, 2018

1. जम्मू और कश्मीर राज्य से मुझे बहुत गहरा लगाव रहा है। भारत के राष्ट्रपति पद का भार ग्रहण करने के बाद दिल्ली से बाहर की अपनी पहली यात्रा के लिए मैं पिछले साल अगस्त में इसी राज्य के लेह-लद्दाख में जवानों से मिलने आया था। आज सवेरे 'श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय' के दीक्षांत समारोह में युवाओं को संबोधित और प्रोत्साहित करने का अवसर मिला। और अब मैं आप सबके बीच इस अभिनंदन समारोह में उपस्थित हूं।
2. इस राज्य के आप सभी विशिष्ट नागरिकों ने बड़े जोश के साथ यहां मेरा स्वागत किया है। इस उत्साहपूर्ण अभिनंदन के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं।
3. जम्मू और कश्मीर पर इतिहास के उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल का असर पड़ता रहा है। इस राज्य के लोग साहस और समझदारी के साथ सभी चुनौतियों का सामना करते रहे हैं। पूरे देश को जम्मू और कश्मीर के आप सभी निवासियों पर गर्व है।
4. इस राज्य में प्रकृति की अतुलनीय सुंदरता है। साथ ही यह राज्य भारत की संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का एक प्रमुख केंद्र है। महात्मा बुद्ध की परंपरा, सूफी सिलसिलों और शैव तथा शाक्त उपासना आदि सभी के मानने वाले लोग सदियों से यहां एक साझी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा रहे हैं। इस विरासत में यहां की हस्त-कला, संगीत, खान-पान, पर्यटन-स्थल आदि सभी शामिल हैं।
5. यह राज्य पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र रहा है। देश विदेश से लोग यहां आते हैं। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि 'कटरा वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन' के निर्माण से यह क्षेत्र देश के अन्य भागों से रेल सुविधा के जरिए जुड़ गया है। लाखों लोग यहां आते हैं। असम और जम्मू को जोड़ने वाली 'कामाख्या-कटरा रेल सेवा' के शुरू होने से भी इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को बल मिल रहा है। एशिया की सबसे लंबी सुरंग को नेशनल हाई-वे रूट पर आरंभ करने से राज्य की देश के अन्य क्षेत्रों के साथ ट्रांसपोर्टेशन कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। परिवहन की इन सभी सुविधाओं से राज्य में पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिल रहा है तथा यहां के लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।
6. आपके राज्य में IIT, IIM और AIIMS का निर्माण किया जा रहा है। मुझे बताया गया है कि केंद्र सरकार की सहायता से कई अन्य मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जा रहे

हैं। इससे देश के युवाओं, विशेषकर इस क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा के अवसर तो बढ़ेंगे ही, यहां के लोगों के लिए विकास के अन्य अवसर भी पैदा होंगे।

7. इसी वर्ष फरवरी में जम्मू और कश्मीर के लगभग सौ होनहार बच्चे मुझसे मिलने राष्ट्रपति भवन में आए थे। उन बच्चों से बातचीत के दौरान इस राज्य के प्रतिभाशाली युवा चित्रकार **राहुल डोगरा,** क्रिकेट खिलाड़ी **परवेज़ रसूल** और **शुभम खजूरिया,** एक्टर **ज़ायरा वसीम** और सात-आठ साल की उम्र में ही 'वर्ल्ड किक-बॉक्सिंग चैंपियनशिप' में गोल्ड मेडल जीतने वाली **तजामुल इस्लाम** के बारे में चर्चा होती रही। उन प्यारे और जोशीले बच्चों से हुई मुलाक़ात मुझे हमेशा याद रहेगी। ऐसे बच्चों और युवाओं से मिलकर, जम्मू और कश्मीर तथा पूरे देश के उज्ज्वल भविष्य के बारे में मेरा भरोसा और भी मजबूत हो जाता है।

8. जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल श्री एन. एन. वोहरा अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव का उपयोग राज्य के हित में कर रहे हैं। इस राज्य को कुशल नेतृत्व देने के लिए मैं मुख्यमंत्री सुश्री महबूबा मुफ़्ती और उप-मुख्यमंत्री डॉक्टर निर्मल सिंह की सराहना करता हूं। सशस्त्र सेना बलों और पुलिस बलों के लोग प्रशंसा के पात्र हैं। वे आपसी ताल-मेल और सतर्कता का परिचय देते हुए कठिन चुनौतियों का सामना करते हैं और राज्य को विकास की राह पर ले जाने में नागरिकों की मदद करते हैं। इस राज्य के प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रशंसा के हकदार हैं। मैं इस राज्य की जनता की भी सराहना करता हूं। यहां के लोगों ने कठिनाइयों के बीच हौसला बनाए रखा है और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने का उत्साह दिखाया है।

9. मुझे पूरा विश्वास है कि इस राज्य के लोग, हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए, यहां के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का पूरा लाभ उठाएंगे। मैं इस राज्य के और जम्मू क्षेत्र के सभी निवासियों के सुखमय और शांतिपूर्ण भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

10. अंत में, मैं आप सब को 'राष्ट्रपति भवन' में आने और उसे देखने का आमंत्रण देता हूं। हमारे लोकतन्त्र का प्रतीक और देश की धरोहर 'राष्ट्रपति भवन' आप सब का भी भवन है। राष्ट्रपति भवन में आप सभी का स्वागत है।

धन्यवाद

जय हिन्द!